प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 07.03.2025 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल ''पढेंगे हम–बढेंगे हम'' साक्षरता अभियान का करेंगे शुभारंभ।
- मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा- आरोपी के पक्ष वाले दस्तावेज भी दे केस डायरी के साथ।
- भोपाल में हुआ दूसरे कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन, 100 करोड़ में बनेगा नया सेंटर ।
- क्वींस ऑन द व्हील 2.0 के तीसरे दिन देशभर से आईं 25 महिला बाइक सवारों ने देखा ग्वालियर का वैभव।

महिला दिवस कार्यक्रम-राज्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल ''पढेंगे हम–बढेंगे हम'' साक्षरता अभियान का शुभारंभ करेंगे. इसके साथ साथ म. प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण राशि वितरण भी किया जाएगा । वहीँ,लाड़ली बहना योजना के तहत 1 हजार 250 रूपये की मासिक भी जारी करेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश के छह प्रमुख शहरों भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं धार में जैविका हाट बाजारों का शुभारंभ भी होगा.

मुख्यमंत्री समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार, राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार, रानी अवंति बाई वीरता पुरस्कार और श्री विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे।

महिला दिवस-जिला
प्रदेश भर में महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. दतिया में आज महिला और बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा थे। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य में संलग्न महिलाओं को शॉल श्रीफल और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

मंदसौर में पशुपतिनाथ मंदिर पर आज महिलाओं द्वारा आरती का आयोजन किया गया । वहीँ, कलेक्टर अदिती गर्ग ने बताया कि कल महिला दिवस के अवसर पर मंदिर में पूजन और आरती सहित समस्त कार्यक्रम महिलाओं के द्वारा ही किए जाएंगे।

अदिति गर्ग

श्योपुर की किन्नर कोमल गुरू को कल भोपाल में राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाजसेवा पुरस्कार से नवाजा जायेगा। वहीँ, स्वसहायता समूह से जुडी श्रीमती सुनीता आदिवासी अपनी सफलता कहानी साझा करेंगी।

सागर में शासकीय कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय में वूमेनस डे के उपलक्ष्य में गायनी सोसायटी फाग्सी द्वारा महिलाओ के उपर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारी के प्रति जागरूक बनाना है। बैतूल में अटल सेना ने लक्ष्मी पंवार को सम्मानित किया। वे आजीविका मिशन से जुड़कर और कड़ी मेहनत कर अपनी दो बेटियों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रही है।

हाईकोर्ट निर्देश

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि केस डायरी और आरोप पत्र में अभियुक्त के खिलाफ साक्ष्य ही नहीं, बल्कि वे सभी दस्तावेज और गवाहियां भी शामिल की जाएं, जो उसे निर्दोष साबित कर सकती हैं। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की डिविजनल बेंच ने यह आदेश एक याचिका की सुनवाई के दौरान दिया। जिसमें आरोप लगाया गया था कि केस डायरी और चार्जशीट में केवल अभियोजन पक्ष के पक्ष में मौजूद साक्ष्य रखे जाते हैं। जबकि आरोपी को निर्दोष साबित करने वाली सामग्री को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इस प्रथा को न्यायिक प्रक्रिया के मूल सिद्धांतों के खिलाफ बताते हुए, हाईकोर्ट ने इसे अस्वीकार्य करार दिया और त्वरित सुधार के निर्देश जारी किए। जन औषधि परियोजना

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, अच्छी भी, सस्ती भी मंत्र के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक भारतीय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

जे पी नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि यह पहल करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हुई है।

कन्वेंशन सेंटर भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राजधानी भोपाल में दूसरे कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि:

मुख्यमंत्री

कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के पीछे मछली घर की जगह पर नया सभागार बनेगा । इसके निर्माण पर करीब 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे। नया कन्वेंशन सेंटर मिंटो हॉल की ही तर्ज पर बनाया जायेगा। इसमें 15 सौ लोगों की क्षमता वाला सभागार और कुल मिलाकर 5 हजार लोगों की क्षमता वाला बैंक्वेट हॉल होगा। नए सेंटर में 300 कारों की पार्किंग सहित अन्य जरुरी सुविधाएँ होंगी ।

प्लास्टिक मुक्त भोपाल

भोपाल में नगर निगम ने शहर को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए न्यू मार्केट, दस नंबर और बोट क्लब सहित विभिन बाजारों में कपड़ों के थैले की एटीएम मशीन लगाई गई हैं। निजी बैंक के सौजन्य से लगाई गई थैला एटीएम मशीन का मेयर मालती रॉय ने शुभारंभ किया। महापौर ने बताया कि सामान की खरीदारी करने आने वाले लोग एटीएम थैला मशीन से कपड़ों का बैग प्राप्त कर पाएंगे।

मालती राय

क्वींस ऑन द व्हील 2.0-ग्वालियर

मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित क्वींस ऑन द व्हील 2.0 के तीसरे दिन देशभर से आईं 25 महिला बाइक सवारों ने मितावली, पडावली और बटेश्वर के प्राचीन मंदिर समूहों सहित ग्वालियर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को देखा । क्वींस ऑन द व्हील 2.0 यात्रा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। यह साहसिक अभियान 10 मार्च को भोपाल में संपन्न होगा।

वित्त आयोग-इंदौर

16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने आज इंदौर के स्वच्छता में लगातार अव्वल रहने से जुडी विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया। दल ने देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचकर एशिया के सबसे बड़े गोबर-धन बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बने परी पार्क को भी देखा । महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्वच्छता के सोपानों की जानकारी दी। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी मौजूद थे ।

महिला क्रिकेट

लखनऊ में महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट में आज शाम साढे सात बजे से दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला गुजरात जायंट्स से होगा। अंक तालिका में दिल्ली पहले और गुजरात तीसरे स्थान पर है। कल मुंबई इंडियन्स ने यूपी वारियर्स को छह विकेट से हराया।

समाचार संक्षेप में...

- जिला जेल विदिशा में जेल अधीक्षक पी ड़ी श्रीवास्तव ने बताया कि आज 42 पुरुष कैदियों एवं 4 महिला कैदियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।
- खरगौन में निःशक्त जन कल्याण एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांग जनों के लिए सुगम्य अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय खरगोन से जागरूकता रैली निकाली गई।
- झाबुआ जिले के कालीदेवी भगोरिया हाट में जिला कलेक्टर नेहा मीना और पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने पहुंचकर आमजन के साथ भगोरिया मनाया।
- उज्जैन में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आज विक्रमोत्सव के अंतर्गत लोकरंजन- जनजातीय भाषा एवं बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है ।

- शहडोल जिले में इस साल की पहली लोक अदालत का आयोजन कल होगा। जिला न्यायालय शहडोल, सिविल न्यायालय ब्यौहारी, बुढ़ार व जयसिंह नगर में लोक अदालत बैठेगी।
- धार जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पेयजल समस्या निवारण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।
- रायसेन में प्रभारी मंत्री तथा मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित की गयी.
- आगरमालवा जिले मे भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल जिला मुख्यालय न्यायालय, तहसील न्यायालय सुसनेर, एवं नलखेड़ा मे होगा।
- सीहोर जिले की मध्य क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

-----------------------------------